राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान

उच्चतर माध्यमिक पाठ्यक्रम- चित्रकला

पाठ - 2 : मौर्य से गुप्त काल में कला (चौथी ई.पू.से छठी ई. तक)

कार्यपत्रक - 2

1. अशोक मौर्य वंश के सबसे शक्तिशाली सम्राट थे। उदाहरण देकर सिद्ध कीजिए।

2. शुंग वंश का वास्तु और मूर्ति कला दोनों में योगदान था। सिद्ध करें और उनकी दो मूर्तियों की पहचान करें।

3. गंधार की बुद्ध प्रतिमा की प्रमुख विशेषतायें हैं,जैसे अधिक लंबी आंखें। इसी प्रकार की अन्य दो विशेषतायें लिखें।

4. गंधार शैली और मथुरा शैली के मध्य एक अंतर लिखें और प्रत्येक शैली का एक उदाहरण दें।

5. गंधार शैली का सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण योगदान बुद्ध प्रतिमा की रचना है। इस शैली की एक और रचना का नाम लिखें।

6. गुप्त वंश स्वर्ण युग में परिवर्तित हो गया। स्वर्ण युग के प्रमुख तत्त्व कौन-कौन से हैं?

7. गुप्त काल के स्वर्ण युग में किस प्रकार की कलाओं की उत्पत्ति होती थी? इस युग के दो चित्रों की पहचान करें।

8. भारतीय कला में यक्षिणी के सौन्दर्य के समकक्ष बहुत कम मूर्तियां हैं। अपने मत से सिद्ध करें।

9. सांची स्तूप का प्रमुख आकर्षण बुद्ध के जीवन को दर्शाते तोरण हैं। अन्य माध्यम कौन-कौन से हैं?

10. गुप्त काल की बैठी हुई स्थिति में जैन तीर्थंकर मूर्ति के माध्यम से कलाकार त्रिरत्न की अभिव्यक्ति करना चाहता है। इसे आप कैसे समझायेंगे?